Minuteman
SENIOR SERVICES

# वालंटियर करने का अवसर

मिनटमैन वालंटियर सभी पृष्ठभूमि के लोग हैं, माता-पिता, छात्र (18 वर्ष और अधिक), नवागंतुक, सेवानिवृत्त और पेशेवर जो अपने समुदाय में सार्थक संबंध बनाने के लिए अपना समय देते हैं।

## मील्स ऑन व्हील्स ड्राइवर्स

सप्ताह में एक बार या महीने में दो बार, सप्ताह के दिनों में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक घर पर रहने वाले वयस्कों को पौष्टिक भोजन वितरित करते हैं। वालंटियर स्वतंत्र रूप से या एक टीम के रूप में काम कर सकते हैं।

## सीनियर डाइनिंग असिस्टेंट्स

अपने स्थानीय वरिष्ठ भोजन कार्यक्रम को स्थापित करने, परोसने और साफ-सफाई में मदद करें, जहां लोग पौष्टिक भोजन का आनंद लेने के लिए इकट्ठा होते हैं। दोपहर के भोजन के समय वालंटियर की आवश्यकता होती है।

## हेअल्थी लिविंग वर्कशॉप लीडर्स

व्यक्तिगत रूप से और दूर से बहु-सत्रीय हेअल्थी लिविंग वर्कशॉप का सह-नेतृत्व करें। विभिन्न विषयों पर साक्ष्य-आधारित कक्षाएं गिरने के जोखिम को कम करने, देखभाल करने वालों के लिए सहायता प्रदान करने या पुरानी बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए आत्म-देखभाल में सुधार करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

## शाइन काउंसलर

चिकित्सा बीमा और लाभों को समझने में मेडिकेयर उपभोक्ताओं की सहायता करते हैं। व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## मनी मैनेजमेंट बिल पेयर्स

बिलों का भुगतान करने, चेकबुक को संतुलित करने और अन्य बैंकिंग कार्यों में लचीले शेड्यूल पर हर महीने 4-8 घंटे बड़े वयस्कों की सहायता करते हैं।

## ओम्बुड्समैन

गुणवत्तापूर्ण देखभाल की वकालत करने और नर्सिंग होम में निवासियों की शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने के लिए कामनवेल्थ ऑफ़ मेसाचुसेट्स द्वारा प्रशिक्षित और प्रमाणित बनें।

## सोशल कनेक्शंस फ्रेंडली विज़िटर्स

सामाजिक अलगाव को कम करने और एक नए दोस्त के साथ सार्थक संबंध बनाने के लिए प्रत्येक सप्ताह लगभग एक घंटे के लिए किसी बुजुर्ग वयस्क के साथ सानिध्य प्रदान करें और मेलजोल बढ़ाएं। यदि आवश्यक हो तो आवश्यक खरीदारी में सहायता करें।

## बोर्ड मेंबर्स

हमारा कार्यकारी बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स मासिक बैठक करता है, और एजेंसी के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के साथ एक टीम के रूप में कार्य करता है। हमारे 16 टाउन में से किसी एक में रहना जरुरी है।

**मिनटमैन वालंटियर की टीम में शामिल हों जो प्रत्येक सप्ताह अपने समुदायों में निवेश करते हैं और अपने पड़ोसियों के दैनिक जीवन में वास्तविक बदलाव लाते हैं। अधिक जानकारी के लिए, हमें (888) 222-6171 पर कॉल करें या हमारी वेबसाइट www.MinutemanSenior.org पर जाएँ।**

इंटरप्रेटर सर्विसेस उपलब्ध हैं

01/24